प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

21.04.2026/प्रादेशिक समाचार/18:00बजे

## शहरी निकाय चुनाव

राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के 51 शहरी निकायों में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है और इन शहरी निकायों में आदर्श चुनाव आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। राज्य चुनाव आयुक्त अनिल खाची ने आज शिमला में पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि इनमें 4 नगर निगम सोलन, पालमपुर, मंडी व धर्मशाला और 25 नगर परिषद व 22 नगर पंचायतें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के इन शहरी निकायों में 17 मई को सुबह 7 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक मतदान होगा। उन्होंने कहा कि नगर परिषद और नगर पंचायतों के मतों की गणना मतदान वाले दिन 17 मई को ही कर ली जाएगी, जबकि चारों नगर निगमों के मतों की गणना 31 मई को होगा।

अनिल खाची ने बताया कि इन निकायों में कुल 3 लाख 60 हज़ार 8 सौ 59 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें एक लाख 80 हज़ार 9 सौ 63 पुरूष, जबकि एक लाख 79 हज़ार 8 सौ 82 महिला और 14 अन्य मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के लिए 5 सौ 89 मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। राज्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि एक सप्ताह के भीतर ही पंचायत चुनाव की अधिसूचना भी जारी कर दी जाएगी। रितेश/पीटीसी/योगराज

अनिल खाची ने बताया कि शहरी निकायों के लिए 29 व 30 अप्रैल और 2 मई को नामांकन पत्र भरे जाएंगे। चार मई को नामांकन पत्रों की छंटनी होगी और नाम वापिस लेने की अंतिम तिथि 6 मई तय की गई है।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा ज़िला के फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र में एक सौ 53 करोड़ 81 लाख रूपये की विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास किए। बाद में जखबड़ में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने आम लोगों की आकांक्षाओं और ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए व्यवस्था में व्यापक सुधार किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए ठोस कदम उठा रही है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आरोप लगाया कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में शिक्षा के स्तर में गिरावट आई और 2021 में गुणात्मक शिक्षा के मामले में प्रदेश 21वें स्थान पर पहुंच गया था। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत वर्तमान प्रदेश सरकार ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं।

## अंतरमंत्रालयी ब्रीफिंग

केंद्र सरकार ने कहा है कि देश भर में घरेलू एलपीजी आपूर्ति सामान्य है और देश भर में किसी भी एलपीजी वितरक के यहां आपूर्ति में कमी की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों पर नई दिल्ली में आयोजित अंतरमंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन में बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और एलपीजी की बढ़ती कीमतों के बावजूद, सरकार ने घरेलू एलपीजी आपूर्ति को निर्बाध रूप से सुनिश्चित करने का प्रयास किया है।

## सिलेंडर

सिरमौर ज़िला के औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब और पांवटा साहिब में काम करने वाले श्रमिकों को राहत देने के लिए 5 किलो के कमर्शियल गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। ज़िला खाद्य व नागरिक आपूर्ति नियंत्रक शमशेर सिंह ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य सैंकड़ों प्रवासी मज़दूरों को सस्ती व सुलभ ईंधन

सुविधा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में ज़िले में करीब 7 सौ छोटे गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं।

राकेश जमवाल

प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल ने बहुचर्चित चेस्टर हिल मामले में हुए नए खुलासों को कांग्रेस सरकार के संरक्षण में पनपे बड़े भ्रष्टाचार का प्रमाण बताया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि ये मामला केवल अवैध ज़मीन खरीद तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रदेश की भोली–भाली जनता के अधिकारों और संसाधनों पर सीधा हमला है। राकेश जमवाल ने राज्य सरकार से इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की ज़मीन लूटने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और भाजपा इस मुद्दे को प्रदेशभर में मज़बूती से उठाएगी व जनता को सच्चाई से अवगत करवाएगी।

————————————